झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्धन समिति (JSLPS)

सामुदायिक समन्वयक पद हेतु लिखित परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों की सूची पूर्व में JSLPS के वेबसाईट पर प्रकाशित की गयी उनकी लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 11 फरवरी 2018 को चार जिलों–राँची, डाल्टनगंज, दुमका व जमशेदपुर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर की जायेगी। इसका विवरण निम्नानुसार है–

राँची शहर	डाल्टनगंज शहर	दुमका शहर	जमशेदपुर शहर
शामिल जिलों के अभ्यर्थी	शामिल जिलों के अभ्यर्थी	शामिल जिलों के अभ्यर्थी	शामिल जिलों के अभ्यर्थी
बेकारों, धनबाद, गुमला, हजारीबाग, खुंटी, कोडरमा, लोहरदगा, रामगढ़, राँची, सिमडेगा	चतरा, गढ़वा, लातेहार, पलामू	देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, साहेबगंज, गिरीडीह, दुमका	पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसाँवा, पश्चिमी सिंहभूम

परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाये–

चरण 1–अभ्यर्थी सर्वप्रथम www.sids.co.in वेबसाईट पर जाये।
चरण 2–प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) विकल्प को क्लिक करें (JSLPS CC: Notice for written examination and Admit Card for the position of Community Coordinator)।
चरण 3– क्लिक करने के उपरांत सामुदायिक समन्वयक के सूचना से संबंधित पेज खुलेगा।
चरण 4–विवरण पढ़ते हुये प्रवेश पत्र डाउनलोड विकल्प पर क्लिक करें।
चरण 5–अपना Receipt No. दिये गये बॉक्स में डालें।
चरण 6–अपना जन्मतिथि दिये गये ड्रॉप डाउन बाक्स (तिथि, माह, वर्ष) से चुनें।
चरण 7–इन सूचनाओं के साथ ओके (OK) बटन पर क्लिक करें।
चरण 8–प्रवेश पत्र सुरक्षित (Save) करे एवं प्रिंट करें।

नोट–

- अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अपने नाम, रिसिप्ट नं0(Receipt No.) की पुष्टि पूर्व में प्रकाशित चयनित सूची (Shortlisted List) जो कि JSLPS के वेबसाईट पर उपलब्ध है, से कर ले। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की पात्रता केवल चयन प्रक्रिया हेतु चयनित (Shortlisted) किये गये अभ्यर्थी को ही दी गयी है।
- महत्वपूर्ण सूचना–लिखित परीक्षा हेतु चयनित समस्त आवेदनकर्ता ध्यान दें कि उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अंकित स्थाई निवास (Domicile District) जिलों को चार श्रेणी में बांटा गया है। उसी के अनुसार, उन्हे चार अलग–अलग शहरों में लिखित परीक्षा हेतु केन्द्र आबंटित किये गये है। दिए गए टेबल का संज्ञान लें। इसके अनुसार राँची में बताये गये 10 जिलों के चयनित आवेदनकर्ता, डालटनगंज में बताये गये 4 जिलों के चयनित आवेदनकर्ता, जमशेदपुर में बताये गये 3 जिलों के चयनित आवेदनकर्ता तथा दुमका में बताये गये 6 जिलों के चयनित आवेदनकर्ता अपने–अपने निर्धारित केन्द्रों में आकर लिखित परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के केन्द्र और रिपोर्टिंग समय उनके डाउनलोड किये हुये प्रवेश पत्र पर अंकित किये गये है। अतः संबंधित आवेदनकर्ता इसका विशेष ध्यान रखें। यदि किसी संबंधित आवेदनकर्ता को डाउनलोड किये हुये प्रवेश पत्र में अपने स्थाई निवास (Domicile District) जिले के लिए निर्धारित शहर (जैसा कि टेबल में दिखाया गया है) के जगह दूसरे शहर का परीक्षा केन्द्र अंकित दिखें तो वे दुबारा अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर यह सुनिश्चित करें कि उनका परीक्षा केन्द्र निर्धारित शहर में ही हो।
- लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए, इस प्रवेश पत्र के साथ आप अपना मान्य फोटो पहचान पत्र (यथा आधार, ड्राइविंग लाइसेन्स, वोटर आई डी अथवा अन्य समकक्ष पत्र) अवश्य साथ में लाएं। साथ में नीली अथवा काली स्याही वाला बॉल प्वाइंट पेन लेकर जरुर आएं। लिखित परीक्षा के सेंटर में किसी भी तरह के इलेक्टॉनिक उपकरण का प्रयोग वर्जित होगा। इसके उपयोग किये जाने अथवा पाये जाने की स्थिति में आपकी परीक्षा रद्द कर दी जायेगी।
- आपके द्वारा ऑनलाईन उपलब्ध कराई गयी सूचनाओं और JSLPS द्वारा विज्ञापित अर्हताओं के आलोक में, आपके आवेदन को उपरोक्त निर्दिष्ट पद के चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु अस्थायी रुप से स्वीकार किया गया है। यह प्रवेश पत्र सामुदायिक समन्वयक पद पर आपकी योग्यता की पुष्टि नही करता है। आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त शैक्षणिक योग्यता, स्थानीयता तथा आरक्षण संबंधित विवरणों को आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ मिलान किया जायेगा। इसके लिए आपको चयन प्रक्रिया के आगे के चरण में लिखित परीक्षा में सफल होने के उपरांत बुलाया जा सकता है। इस प्रक्रिया में आपके द्वारा उपलब्ध सूचनाओं का मूल दस्तावेजों के साथ मिलान न होने की स्थिति में अथवा संबंधित मूल दस्तावेज न उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जायेगी। लिखित परीक्षा के शुरु हो जाने के बाद किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी।

(JSLPS HRD)